## न्यूज कार्नर

### पिचिन निर्माण के संबंध में सौंपा ज्ञापन

**जागरण, नर्मदापुरम।** नगरपालिका परिषद द्वारा विवेकानंद घाट पर सौंदर्यीकरण एवं पिचिन निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमे पिचिन चार मीटर की हाइट तक बनाई जा रही है। वार्डवासियों ने बताया कि बाढ़ आने पर नर्मदा नदी का लेवल 12 से 15 मीटर तक रहता है समस्त वॉर्ड के निवासियों ने निवेदन किया है कि उसकी हाइट चार फिट के स्थान पर 12 फीट की जाये पूर्व मे वर्षाकाल के दौरान वहा कटाव के करण दीवार गिर गई थी। ज्ञापन सौंपने वालों में इंदर सोनी, राहुल शर्मा, मुकेश कुमार, अफजल सिद्दीकी, आयुष्मान अवस्थी आदि उपस्थित थे।

### खनिज, राजस्व एवं पुलिस ने की कार्रवाई

**जागरण, नर्मदापुरम।** अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज, राजस्व विभाग एवं पुलिस थाना माखननगर द्वारा संयुक्त रूप से 20 अप्रैल को ग्राम आंचलखेड़ा तवा पुल में 3 डम्पर को रेत खनिज का ओवरलोड परिवहन करते जप्त कर पुलिस थाना माखननगर की अभिरक्षा में रखा गया है। कार्यवाही में जिला खनि अधिकारी दिवेश मरकाम, तहसीलदार माखननगर सुनील गढेवाल, प्रखनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, हेमन्त राज एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई।

### छात्रों के प्रोजेक्ट से आएगा सामाजिक बदलाव : डॉ. लाड

**जागरण, नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत मास्टर ऑफ सोशल वर्क और बैचलर ऑफ सोशल वर्क के छात्र अब सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की नींव रख रहे हैं। यह बात मप्र जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड ने पीएमश्री कॉलेज के निरीक्षण के दौरान कही। निरीक्षण के दौरान डॉ. लाड ने छात्रों की प्रैक्टिकल फाइल्स और असाइनमेंट्स का अवलोकन किया। उन्होंने छात्रों को प्रोजेक्ट्स के सुझावों को वास्तविक जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. लाड ने कहा, आप केवल डिग्री हासिल नहीं कर रहे, बल्कि समाज के सच्चे बदलाव कर्ता बन रहे हैं। निरीक्षण के दौरान संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी, ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख, मेंटर्स नीरज चतुर्वेदी, राजेंद्र कुशवाह, अभिषेक सैनी आदि उपस्थित रहे।

#### कलेक्टर सोमेश मिश्रा की पहल से जनसुनवाई में दिखा नवाचार

# कलेक्टर ने अपने सामने कुर्सी पर बैठाकर सुनी आवेदकों की समस्याएं

**जागरण, नर्मदापुरम।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय का दृश्य कुछ अलग ही नजर आया। जनसुनवाई कक्ष में एक ओर जहां जिला स्तरीय अधिकारी एक पंक्ति में बैठकर आवेदकों की समस्याओं के निराकरण में जुटे थे, वहीं मध्य में कलेक्टर सोमेश मिश्रा वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ आवेदकों को अपने समक्ष बैठाकर उनकी समस्याएं सुनते हुए दिखाई दिए। जनसुनवाई के दौरान दूसरी पंक्ति में सभी आवेदक अपनी-अपनी बारी के अनुसार बैठे थे। आवेदकों ने क्रमवार अपनी समस्याएं कलेक्टर श्री मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन एवं अपर कलेक्टर अनिल कुमार जैन के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए यथा संभव मौके पर ही समाधान किया।

भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा एक नवाचार भी किया गया। उन्होंने जनसुनवाई कक्ष में ही आवेदकों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई तथा सभी को शरबत पिलवाया, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आवेदक खड़ा न रहे और सभी को क्रमवार बैठाकर उनकी समस्याएं सुनी जाएं।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपने समक्ष कुर्सी लगवाकर सीधे आवेदकों से संवाद किया और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया। इस दौरान कुल 121 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष मामलों में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार 21 अप्रैल से जनसुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए इसे ग्राम पंचायत स्तर तक प्रारंभ किया गया है। अब ग्रामीण नागरिक अपनी समस्याएं नजदीकी ग्राम पंचायत में ही संबंधित अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे, जिससे उन्हें जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री मिश्रा ने विभिन्न आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान माखन नगर तहसील के कृषक अनिल कुमार दुबे ने सीमांकन प्रकरण की नकल उपलब्ध न कराए जाने की शिकायत प्रस्तुत की। इस पर कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तहसीलदार माखन नगर को निर्देशित किया कि दो दिवस के भीतर सीमांकन प्रकरण की नकल तैयार कर संबंधित को उपलब्ध कराई जाए। इसी प्रकार सोहागपुर निवासी अमित दीक्षित ने ग्राम डूडादेह स्थित अपनी कृषि भूमि के सीमांकन में विलंब की समस्या रखी। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर तिथि निर्धारित होने के बावजूद सीमांकन नहीं हुआ है। कलेक्टर ने एसडीएम सोहागपुर को निर्देश दिए कि सात दिवस के भीतर सीमांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। माखन नगर निवासी किरण पवार द्वारा कृषि भूमि के बंटवारे संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम नर्मदापुरम को एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इटारसी तहसील के श्री केसरी सिंह के भू-अभिलेख सुधार के आवेदन पर कलेक्टर ने तहसीलदार इटारसी को सात दिवस के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम काजलखेड़ी के संतोष कुमार के अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरण में तहसीलदार को एक सप्ताह में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया। नर्मदापुरम निवासी कमलेश कुमार द्वारा अवैध कब्जा हटाने, सड़क निर्माण एवं साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर प्रस्तुत आवेदन पर कलेक्टर ने सीएमओ को एक सप्ताह के भीतर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एडीएम अनिल जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत, सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर सरोज परिहार एवं नीता कोरी सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नाहरकोला कांड में दूल्हे के मामा के बाद जीजा की मौत

**जागरण, सिवनी मालवा।** नाहरकोला गांव में रविवार रात शादी समारोह के दौरान बाप-बेटे ने मिलकर कई लोगों पर तलवार से वार कर दिया। हमले में घायल दूल्हे की मामा की मौत हो गई। वहीं मंगलवार को इलाज के दौरान दूल्हे के जीजा की भी मौत हो गई है। मृतक की पहचान जयनारायण कीर के रूप में हुई थी। बताया जा रहा है कि यह घटना एक मामूली विवाद से शुरू हुई थी, जो खूनी संघर्ष में बदल गई। इसमें पहले एक व्यक्ति की मौत हुई थी और छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी घायलों का इलाज नर्मदापुरम के निजी अस्पतालों में चल रहा है। आरोपियों को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर भी हमला किया गया। हमलावरों ने आरक्षक ओम जाट पर चाकू से वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पेट, हाथ और पैर में नौ गहरे घाव आए हैं। आरक्षक ओम जाट का इलाज भोपाल के एक निजी अस्पताल में जारी है। इस वारदात का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी हथियार लहराते दिख रहे हैं। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि आरोपी गांव में पहले से ही विवादित प्रवृत्ति के थे और उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की हैं।

पुलिस के मुताबिक सोमवार को सीताराम के 21 साल के बेटे भगवान कीर की बारात जानी थी। रविवार रात घर पर मंडप का खाना चल रहा था। गांव के ही रहने वाले रिश्तेदार अमर सिंह कीर को भी परिवार ने खाना खाने को कहा। उसे यह बात इतनी बुरी लगी कि अपने बेटे लोकेश के साथ चाकू और तलवार से हमला कर दिया। रात 12 बजे ग्राम नाहरकोला से झगड़े की सूचना पर शिवपुर थाना प्रभारी केएन रजक, प्रधान आरक्षक सुनील, आरक्षक दीपक, ओमप्रकाश जाट पहुंचे थे। उन्होंने चाकू से घायल जयनारायण कीर, हरिनारायण कीर, दौलतराम कीर, रोहित कीर और क्षमा बाई को सिवनी मालवा के सरकारी अस्पताल भेजा। एएसपी अभिषेक राजन ने बताया कि चाकूबाजी में एक हत्या और आरक्ष समेत 6 लोग घायल हुए हैं। एक आरोपी अमर सिंह कीर को हिरासत में ले लिया है। मुख्य आरोपी लोकेश कीर फरार है। उसे पकड़ने के लिए शिवपुर में थाना प्रभारी रहे दो एसआई विवेक यादव और संजीव पवार समेत तीन टीम लगाई हैं। टीम इंदौर भी रवाना हुई है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी है। मामले में दो अपराध दर्ज किए गए हैं, जिसमें एक हत्या और दूसरा आरक्षक पर हमला करने, शासकीय कार्य में बाधा और जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है।

### आरोपियों की तलाश में पुलिस, इनाम घोषित

पुलिस ने चाकूबाजी और हत्या के मामले में फरार आरोपी पर इनाम घोषित किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी लोकेश कीर (26) पिता अमर सिंह कीर, निवासी नाहरकोला, घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना शिवपुर में मामला दर्ज किया गया है। इसमें हत्या और हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 20 हजार का इनाम घोषित किया है। पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। ऐसे में आम जनता से भी सहयोग की अपील की गई है। पुलिस ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को आरोपी के संबंध में कोई भी जानकारी मिलती है, तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करे। जानकारी देने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम, एसडीओपी सिवनी मालवा और थाना प्रभारी शिवपुर के मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं।

# बुजुर्ग वेयर हाऊस संचालक के प्रकरण में कलेक्टर ने जताई नाराजगी, पिपरिया नान प्रभारी अवधिया को हटाया


बुजुर्ग वेयर हाउस संचालक ने परेशान होकर कलेक्टर से की शिकायत
वेयर हाऊस से गेहूं उठाव कराने के
22 Nar 02

खबर का असर

**जागरण, पिपरिया।** वेयर हाऊस में सरकारी गेंहू का भराव करने वाले वेयर हाऊस संचालक मोहन पालीवाल ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंच कर कलेक्टर सोमेश मिश्रा को अपनी समस्या बताई है। पालीवाल ने बताया की उनकी उम्र करीब 75 साल है। वह अपने वेयर हाऊस से सरकारी गेंहू उठाव करवाने के लिए वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन से लेकर नागरिक आपूर्ति निगम के कई चक्कर लगा चुके है। इन दोनों ही विभागों में वह कई पत्र दे चुके है। परंतु उनके वेयर हाऊस से सरकारी गेंहू का उठाव नहीं हो पा रहा है। पालीवाल शोभापुर में श्रीनाथ वेयर हाऊस के केयर टेकर है। पालीवाल गेंहू को उठवाना चाहते है। परंतु गेंहू उठाव के एवज में नागरिक आपूर्ति निगम पिपरिया प्रभारी आयुष अवधिया 20 रूपए क्विंटल की रिश्वत मांग करते हुए गेंहू नहीं उठने दे रहा था। पालीवाल ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा को शपथ पत्र के साथ ही नान व वेयर हाऊसिंग को किए गए पत्राचार से अवगत कराया। इसके बाद जिला कलेक्टर मिश्रा ने सभी कागजात देखने के बाद डीएम नागरिक आपूर्ति निगम सुरेश कुमार को सघन जांच करने का आदेश दिया है। मोहन पालीवाल ने कलेक्टर को बताया की पिछले साल से ही उनको बहुत परेशान किया जा रहा है। जबकी वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन की गेंहू उठाव सूची में 4 बार उनका नाम आ चुका है। परंतु इसके बाद भी अवधिया सहित सर्वेयर भरत यादव उन पर रिश्वत का दवाब बनाते है। पैसे नहीं देने पर मेरा नाम उठाव सूची से काट दिया जाता है। पालीवाल का कहना है की एक बार तो मेरे वेयर हाऊस से 4 हजार क्विंटल गेंहू उठने का आदेश किया गया था। परंतु बीच में केवल 2600 क्विंटल गेंहू का उठाव कर छोड़ दिया गया जबकी मेरे द्वारा कई बार पूछा गया की बांकी का यह गेंहू क्यों नहीं उठाया जा रहा है। परंतु आयुष अवधिया ने कोई जवाब नहीं दिया।

वेयर हाऊस संचालक द्वारा जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा से शिकायत के बाद पिपरिया नागरिक आपूर्ति निगम के प्रभारी आयुष अवधिया का सेमरी हरचंद तबादला कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर मिश्रा ने नागरिक आपूर्ति निगम की कार्यप्रणाली पर जमकर नाराजगी जताई है। कलेक्टर का कहना था की जो शिकायत मौके पर ही निपट सकती थी। उसके लिए बुर्जुग वेयर हाऊस संचालक को इतनी भीषण गर्मी में जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे है। कलेक्टर ने सभी विभागों को चेताया है की ऐसे प्रकरण समय सीमा में निपटा कर आवेदक को संतुष्ट किया जाना है।

### संचालक को ताला तोड़ने की दी धमकी

कलेक्टर की नाराजगी के बाद हरकत में आए नागरिक आपूर्ति निगम ने वेयर हाऊस संचालक को शाम के समय फोन लगाया की अपकी गोदाम की जांच करना है। परंतु बुर्जुग का कहना था की वह भोपाल आ चुके है। गोदाम की चाबी उनके घर रखी है। इसके बाद नागरिक आपूर्ति निगम अधिकारियों ने गोदाम का ताला तोड़कर जांच करने की बात कही। इस पर संचालक का कहना था की डीएम नान ने ही उनसे बुधवार को जांच करने की बात कही थी। जिसके चलते वह भोपाल चले गए। ताला तोड़ने की बात को संचालक ने कलेक्टर मिश्रा को मोबाईल पर अवगत करा दिया था, जिस पर कलेक्टर ने चिंतित नहीं होने की बात कही है।

# बर्रा टोला सिद्ध बाबा दरबार परिसर में परिणय सूत्र में बंधे 20 जोड़े, विधायक हुए शामिल

**जागरण, माखन नगर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर विभिन्न आयोजन आयोजित किए गए। जिसमें बर्रा टोला स्थित सिद्ध बाबा दरबार परिसर में अक्षय तृतीया के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। समिति के संस्थापक रामविलास इवने पढ़ियार ने बताया कि यह आयोजन का सातवां वर्ष है। इस वर्ष 20 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे जिसमें जन सहयोग भी मिला। आयोजन में क्षेत्र के विधायक विजयपाल सिंह ने पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को उनके सुखमय, समृद्ध और उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना की एवं घरेलू उपयोग की सामग्री प्रदान की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल रहे।



# नपाध्यक्ष के नेतृत्व में नगर पालिका का व्यापक स्तर पर सफाई अभियान तेज, गंदगी फैलाने वालों पर लगेगा जुर्माना

**जागरण, नर्मदापुरम।** नगर में स्वच्छता को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। नगरपालिका द्वारा सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई कराई जा रही है। जगह-जगह कचरा पात्र लगाए गए हैं और लोगों को गीला व सूखा कचरा अलग रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ हानिकारक कचरे के लिए अलग से डस्टबीन रखवाए जा रहे हैं। जिससे कि नागरिकों में अधिक से अधिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता आए। स्वच्छता शाखा एवं स्वच्छ भारत अभियान प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में नगर की स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। गंदगी फैलाने वालों पर जुमार्ना भी लगाया जाएगा। साथ ही, स्कूलों और कॉलोनियों में स्वच्छता रैली निकाली जा रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे साफ-सफाई में सहयोग करें ताकि शहर स्वस्थ और सुंदर बन सके। स्वच्छता शाखा प्रभारी श्रीमती तिवारी ने बताया कि विगत दिनों हुए नपा में सामान्य सम्मेलन में भी नगर की स्वच्छता को लेकर समूची परिषद ने एक स्वर में प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें प्रमुख रूप से घर दुकान निर्माण एवं विधवंश कार्य से निकलने वाले मलबे को सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर डाल कर आवेदन अनुसार निकाय के जेसीबी वाहन कर्मचारी के साथ उठाने पर प्रतिट्रॉली शुल्क 1500 का जुर्माना किया जाएगा। इसी तरह संबधित द्वारा अन्य वाहन से उठाने पर प्रति ट्रॉली शुल्क प्रथम बार में 500 रुपए और द्वितीय बार में 1000 रुपए, नाला, नाली, कुंए, तालाब एवं अन्य जल स्त्रोत में कचरा डालते हुए पाए जाने पर प्रथम बार में 200 दूसरी बार में 500 रुपए, 120 माइक्रोन से कम की पॉलिथीन या प्लास्टिक की थैलियों का क्रय/विक्रय भंडारण एवं उपयोग करते पाया जाने पर प्रथम बार 500 रुपए द्वितीय बार मिलने पर 1000 रुपए का जुर्माना किया जाएगा। इसी तरह पालतु पशुओं को सड़क पर छोड़ने पर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने पर एवं मार्ग पर घुमते पाए जाने पर 500 रुपए का, दूसरी बार में 1000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही थोक कचरा उपत्पाद को (100 किलो से अधिक) द्वारा कचरा स्वयं के प्रतिष्ठान में प्रसंस्करण नहीं करने पर प्रथम बार समझाइश के साथ 1500 प्रतिष्ठान के सामने दूसरी कचरा मिलने पर 3000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। खुले में कचरा जलाने पर प्रथम बार में 300 द्वितीय बार में 500 रुपए, शौचालय का गंदा पानी/मलबा खुले में छोडने पर प्रथम बार में 2000 रुपए तथा दूसरी बार में 2500 रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों, मार्गों पर थूकने पर प्रथम बार में 50 रुपए द्वितीय बार 100 रुपए, खुले में मार्ग, खाली प्लाट, नाली आदी में कचरा फेंकने पर 200 रुपए एवं द्वितीय बार में 500 रुपए, मेडिकल कचरे को बाहर खाली प्लाट, सड़क, नाली नालों एवं निकाय के वाहन में डालने पर /खुले में डालने /फेंकने पर प्रथम बार में10000/- द्वितीयबार में 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी तरह व्यवसायिक दुकानों/संस्थानों द्वारा झा? लगाने के उपरान्त एकत्रित कचर को दुकानों के आस-पास कचरा फेकने एवं गंदगी करने पर प्रथम बार में 1000 द्वितीय बार मिलने पर 2000/- रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। नागरिकों का कहना है कि जुर्माने से बचने के लिए लोगों में सफाई के लिए जागरूकता आएगी और इससे नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग मिलेगा।

# महिला संगठन ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



**जागरण, माखन नगर।** मंगलवार को परशुराम भवन में सर्व ब्राह्मण महिला संगठन ने मातृशक्ति एवं प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम का पूजन किया। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत नृत्य भजन कविता मंच से प्रस्तुत किया। महिला मंडल द्वारा मेहंदी रंगोली एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भगवान परशुराम से संबंधित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि सर्व ब्राह्मण महिला संगठन की जिलाध्यक्ष आशा दुबे, उपाध्यक्ष पासवाल, नगर परिषद अध्यक्ष रीना तिवारी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष निकुंज लता गुरु, पुष्पा गुरु की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ रानी गुरु द्वारा किया गया। महिला संगठन के पदाधिकारी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं सर्वप्रथम मातृशक्ति प्रतिभा सम्मान ब्राह्मण समाज की वरिष्ठ मातृशक्ति पुष्पा गुरु स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। अपने कार्यकाल में माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पूर्व नप अध्यक्ष निकुंज लता गुरु को सम्मानित किया। सर्व ब्राह्मण समाज की महिला प्रतिनिधियों एवं हनुमान जयंती गणगौर एवं अन्य धार्मिक आयोजन की शुरुआत करने के लिए विभिन्न पदाधिकारी सामाजिक मातृशक्ति का स्मृति चिन्ह से सम्मान किया सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए।

**शोभायात्रा का आयोजन आज**

सर्व ब्राह्मण समाज संरक्षक रमेश तिवारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष रमन शुक्ला ने बुधवार को 4 बजे भगवान परशुरामकी शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह के द्वारा भवन के प्रथम तल पर निर्माण के लिए पूजन किया जाएगा।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिपेश पटेल पिता श्री नंदकिशोर पटेल निवासी ग्राम नयागांव तहसील बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम का निवासी हूँ। शपथ कर्ता भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा पिपरिया में पालिसी क्रमांक 351609700 कराते समय मेरा नाम दिनेश चौधरी दर्ज कराया गया है कि बीमा होने के बाद मेरा नाम दिनेश चौधरी के स्थान पर दिपेश पटेल रखा गया है। मेरे आधार कार्ड,एवं अन्य सभी आवश्यक दस्तावेजो में बीमा धारक का नाम दिपेश पटेल पिता श्री नंदकिशोर पटेल दर्ज है। अतः अब भविष्य में मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम दिपेश पटेल पिता श्री नंदकिशोर पटेल लिखा जाए। मैने इस वास्ते शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है।

**दीपेश पटेल पिता श्री नंदकिशोर पटेल**
**निवासी ग्राम नयागांव**
**तहसील बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम**
**मो. 8103790530**
**पॉलिसी नंबर 351609700**

# मौका स्थल पर पहुंचकर नपाध्यक्ष ने देखी पेयजल संबंधी समस्याएं, समाधान करने के दिए निर्देश

**जागरण, नर्मदापुरम।** नगरपालिका द्वारा नागरिकों को प्रतिदिन शुद्ध पेयजल सप्लाई किया जा रहा है। विगत दिनों जनसुनवाई में आई मटमेले पानी की शिकायत को लेकर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने ऑन दा स्पाट पहुंचकर पेयजल की गुणवत्ता, क्वालिटी देखी। साथ ही मटमेला पानी आने पर उन्होंने तत्काल पेयजल शाखा प्रभारी को निर्देशित कर उसे ठीक करने के निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा आज वार्ड क्रमांक 14 न्यास कालोनी वार्ड क्रमांक 21 में पेयजल संबंधी शिकायत का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने पेयजल संबंधी समस्या का समाधान करने तत्काल निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता शाखा प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां जहां भी पेयजल संबंधी शिकायत आ रही है उनका समाधान करें। नगर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति का विशेष ध्यान रखें। सतत मानीटरिंग करें। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री आयुषी रिछारिया, वार्ड 21 में भाजपा नेता रोहित गौर सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम | **Union Bank of India** A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालयः नर्मदापुरम्
भूतल, प्लाट नं. 46/4, वार्ड नं. 25, एन.एच. 69,
गीता भवन के पास, रसूलिया होशंगाबाद (म.प्र.) 461001

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **12 मई 2026** को बेचा जाएगा।

| ऋणी (यो)/ बंधककर्ता (ओ)/ जमानतदार (रो) का नाम | अनुसूची (संपत्ति का विवरण) | आरक्षित मूल्य / ईएमडी | मांग सूचना अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया होशंगाबाद शाखा, होशंगाबाद** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ताः 1. **श्रीमती आशा द्विवेदी** पत्नि अनूप कुमार द्विवेदी 2.**अनूप कुमार द्विवेदी** पुत्र प्रीतम द्विवेदी, जमानतदारः 3. **श्री अमित कुमार द्विवेदी** पुत्र अनूप कुमार द्विवेदी | **आवासीय फ्लैट क्रमांक एफ-05, ब्लॉक-एफ का भूतल, कुल क्षेत्रफल-330 वर्गफीट या 30.66 वर्गमीटर, डायवर्टेड खसरा क्रमांक 38/13 स्थित मौजा रसूलिया 'राधे हाइट्स' नगरपालिका वार्ड क्रमांक 25, पी.सी. क्रमांक 17, बंदोबस्त क्रमांक 270, होशंगाबाद, तहसील एवं जिला होशंगाबाद म.प्र.** संपत्ति मालिकः श्रीमती आशा द्विवेदी पत्नि अनूप कुमार द्विवेदी एवं श्री अनूप कुमार द्विवेदी पुत्र प्रीतम द्विवेदी चर्तुसीमाएंः उत्तर की ओरः फ्लैट क्रमांक-06, दक्षिण की ओरः फ्लैट क्रमांक - 04, पूर्व की ओरः लेन, पश्चिम की ओरः कॉरिडोर | ₹ 6,82,000/- आरक्षित मूल्य का 10% | ₹ 4,54,408.68 + ब्याज एवं खर्चे; मांग सूचना दिनांक 16/01/2025 |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 21.05.2026, दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें।
www.unionbankofindia.co.in & https://baanknet.com
पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://baanknet.com
तारीख : 21.04.2026, स्थानः नर्मदापुरम (म.प्र.) प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

## न्यूज कार्नर

### 100 दिवसीय फ्री लाइव योग सत्र का आयोजन

**जागरण, हरदा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की पूर्व देश व्यापी जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 100 डेज फ्री लाइव योगा सेशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय के तहत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य लक्ष्य आम नागरिकों के दैनिक जीवन में योग को शामिल करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढाना है। इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों के लिए 14 दिवसीय संरचित योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक नागरिक और शासकीय कर्मचारी वेबसाइट लिंक अथवा टोल फ्री नंबर 1800.315.7008 के माध्यमों से निःशुल्क पंजीकरण कराकर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को आदेशित किया है कि वे स्वयं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर ऑनलाइन योगाभ्यास करें तथा अपने अधीनस्थों की सहभागिता भी सुनिश्चित करें।

### गोरस मोबाइल ऐप से मिलेगी जानकारी

**जागरण, हरदा।** प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढावा देने के साथ ही पशुपालकों एवं किसानों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पशुओं को संतुलित आहार प्रबंधन की आसानी से जानकारी मिल सके, इसके लिए मुख्यपमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विभाग द्वारा लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने एक गोरस मोबाइल ऐप विकसित किया है। यह ऐप पशुपालकों को वैज्ञानिक आधार पर पशुओं के आहार प्रबंधन की सटीक जानकारी उपलब्ध कराएगा। इसके उपयोग से पशुओं का स्वास्थ्य तो बेहतर होगा ही साथ में दूध उत्पादन में वृद्धि भी होगी। इससे पशुपालकों की आय में भी उल्लेखनीय बढोतरी होगी।

### स्मार्ट मीटर से दिन में बिजली जलाना सस्ता

**जागरण, हरदा।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को आधुनिक और पारदर्शी बिजली सेवाओं से जोडने के लिए स्मार्ट मीटरिंग अभियान को तेज गति से आगे बढाया जा रहा है। कंपनी ने न केवल तकनीक में सुधार किया है, बल्कि उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ पहुँचाने के लिए टाइम ऑफ डे टैरिफ के तहत सोलर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक 20 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है। यह छूट इस अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड  अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने बताया है कि कंपनी कार्यक्षेत्र में उपभोक्ता परिसरों में स्मार्ट मीटर की स्थापना का कार्य तीव्रता से जारी है। भोपाल जिले में अब तक 4 लाख 84 हजार से अधिक परिसरों में स्मार्ट मीटर सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। इसी प्रकार पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र के 16 जिलों यथा अशोकनगर, बैतूल, भिण्ड, भोपाल, ग्वालियर, दतिया, गुना, हरदा, मुरैना, नर्मदापुरम, रायसेन, राजगढ, सीहोर, श्योपुर, शिवपुरी एवं विदिशा जिले में अब तक 9 लाख 18 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। आरडीएसएस योजना के तहत पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में 26 लाख 79 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किये जाने है और आगामी महीनों में स्मार्ट मीटर स्थापना के कार्य में और तेजी लाई जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे स्मार्ट मीटर स्थापना के लिए आने वाली तकनीकी टीम का सहयोग करें। स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिलिंग संबंधी शिकायतों और गलत रीडिंग की समस्या पूरी तरह से खत्म हो गई है। स्मार्ट मीटर न केवल सटीक रीडिंग सुनिश्चित करते हैंए बल्कि उपभोक्ताओं की जेब पर पडने वाले बोझ को भी कम करते हैं।

---

कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने बनाएं स्थायी नीति



**जागरण, हरदा।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले आज प्रदेश के बाह्य स्रोत कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक विशाल प्रदर्शन किया गया। संघ के पदाधिकारियों और सैकड़ों कर्मचारियों ने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख जितेंद्र सोनी, जिला अध्यक्ष मुकेश धामन्देकर, जिला महामंत्री प्रबल पवार, आउटसोर्स जिला अध्यक्ष वीरेंद्र भाटी, जिला उपाध्यक्ष आशीष बिल्लौरे, अनिल राजपूत, अभिषेक राजपूत, अजय राजपूत, कपिल राजपूत, दीपक चौरे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### यह उठाई मांगें

ज्ञापन में आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए स्थायी नीति और सुरक्षा, आउटसोर्स सर्विस सिक्योरिटी एक्ट या निगम मंडल बनाकर सामाजिक सुरक्षा और उचित वेतन सुनिश्चित किया जाए। कर्मचारियों को वेतन का भुगतान सीधे विभाग या संस्था द्वारा किया जाए ताकि बिचौलिया प्रथा खत्म हो सके।

प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान, वेतन पर्ची की अनिवार्यता और 8 घंटे से अधिक कार्य करने पर ओवरटाइम का भुगतान सुनिश्चित हो। बिना ठोस कारण या उच्च स्तरीय जांच के कर्मचारियों को सेवा से निकालने पर तत्काल रोक लगाई जाए।  अनुभव के आधार पर वेतन वृद्धि और नियमित भर्तियों में बोनस अंक देकर प्राथमिकता दी जाए। समान वेतन, समान कार्य के लिए समान वेतन का सिद्धांत लागू हो और सेवाकाल के आधार पर श्रेणी उन्नयन अकुशल से कुशल आदि किया जाए। सभी कर्मचारियों को ईएसआई, ईपीएफ का लाभ मिले और दुर्घटना बीमा की राशि 20 लाख रुपये की जाए। प्रतिवर्ष कार्य आधारित तकनीकी और गैर-तकनीकी प्रशिक्षण देकर प्रमाणीकरण किया जाए।

### प्रशासन को चेतावनी

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारी लंबे समय से शोषण का शिकार हो रहे हैं। यदि शासन स्तर पर इन 17 सूत्रीय मांगों पर गंभीरता से विचार कर ठोस नीति आउटसोर्स निगम मंडल नहीं बनाई गई, तो आगामी समय में संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। कर्मचारियों ने मांग की है कि उन्हें 62 वर्ष की आयु तक सेवा में रहने का प्रावधान दिया जाए और रिक्त पदों पर उनके समायोजन हेतु स्पष्ट नीति बनाई जाए।

---

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में हरदा द्वितीय स्थान पर

### महा महिम राज्यपाल ने कलेक्टर को किया सम्मानित



**जागरण, हरदा।** लोक भवन भोपाल में आयोजित समामेलित विशेष निधि प्रबंधन समिति की 25वीं वार्षिक बैठक में मध्यप्रदेश के जिलों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने की। इस अवसर पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य से अधिक अनुदान राशि एकत्रित करने वाले जिलों को सम्मानित किया गया। इस दौरान हरदा जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य 2.75.900 रुपये के विरुद्ध 6.20.725 रुपये की राशि एकत्रित कर पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिले की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर महामहिम राज्यपाल श्री पटेल ने सिविल सेवा दिवस के अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री जैन ने इस अवसर पर बताया कि हरदा जिला झंडा दिवस निधि के लिये लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहण के मामले में पिछले 11 वर्षों से लगातार प्रदेश में प्रथम तीन जिलों में शामिल रहकर यह सम्मान प्राप्त करता रहा है।

---

# किसान क्रांति आंदोलन को कांग्रेस कमेटी ने अपना पूर्ण समर्थन दिया

### 28 अप्रैल को हरदा जिले में होगा ट्रैक्टर रैली आंदोलन



**जागरण, हरदा।** 28 अप्रैल को हरदा जिले में होने वाले किसान क्रांति आंदोलन को जिला कांग्रेस कमेटी ने अपना पूर्ण समर्थन दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने जारी प्रेस बयान में कहा मैं स्वयं पहले किसान हूं, किसान होने के नाते विगत चार दिनों से हम साथियों के साथ जहां-जहां भी शादी समारोह या गणगौर उत्सव में जा रहे हैं, वहां हम किसान भाइयों से अनुरोध कर रहे हैं की हमें 28 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में अपने-अपने गांवों से ट्रैक्टर लेकर हरदा किसान अधिकार आंदोलन में शामिल होना है। उन्होने कहा में स्वयं भी एक किसान होने के नाते किसान क्रांति आंदोलन में शामिल रहूंगा और किसानों के साथ हम दरी पर बैठेंगे। कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, गरीबों के उत्थान के लिए काम किया है, आगे भी करेगी। कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2008 में बिना किसी वादे के पूरे देश में 72000 करोड़ रुपए का कर्ज किसानों का माफ किया था। आज जो किसानों के लिए गरीबों के लिए लड़ रहे हैं, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 2012 में किसानों के विरोध वाला बिल फाड़ दिया था, क्योंकि वो बिल कुछ हद तक उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाला था। वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश में फिर कांग्रेस सरकार ने 26 लाख 95 हजार किसानों का 11 हजार 600 करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया था, जो भाजपा वालों को रास नहीं आया। कांग्रेस सरकार खरीद फरोख्त कर गिरा दी गई। इसके बाद नरेन्द्र मोदी ने किसानों से उनकी जमीन छीनने के लिए कोरोना काल में तीन कृषि कानून जो काले कानून थे, किसानों के लिए वो ले कर आये, इससे किसान अपनी जमीन पर ही मजदूर बन जाए। मंडिया बंद हो जाए, किसान बर्बाद हो जा, लेकिन हमारे नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लंबी लड़ाई लड़ी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काले कानून वापस लेना पड़ा।

आज फिर देश का किसान संकट में है, भाजपा सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन उसके बिलकुल विपरीत हुआ। लागत चार गुना बढ़ गई है और फसलों के दाम समर्थन मूल्य से आधे हो गए हैं, लेकिन हम किसानों के साथ सड़कों पर उतरेंगे और किसानों की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ लड़ेंगे।

---

# भादूगांव के श्री पार्श्वनाथ मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव 26-27 अप्रैल को

**जागरण, हरदा।** जिले की टिमरनी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम भादूगांव स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में नवीन वेदी स्थापना के उपलक्ष्य में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 26 और 27 अप्रैल को किया जाएगा।

इस दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में जैन समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। महोत्सव पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, आचार्य श्री समय सागर जी महाराज एवं मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न होने जा रहा है। वहीं प्रतिष्ठा कार्यक्रम पं ऋषभ कुमार शास्त्री सागर के मार्गदर्शन में कराया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार 26 अप्रैल रविवार को प्रातः 8:00 बजे अभिषेक शांतिधारा, 9.30 बजे घट यात्रा, 11:00 बजे वेदी शुद्धि, दोपहर 12:00 बजे भोजन, दोपहर 2:00 बजे याग मंडल विधान तथा शाम 6:00 बजे भोजन का कार्यक्रम रखा गया है। इसी प्रकार 27 अप्रैल सोमवार को प्रातः 8:00 बजे अभिषेक शांतिधारा, 9.30 बजे श्रीजी वेदी पर विराजमान, 11:00 बजे हवन और दोपहर 12:00 बजे भोजन का आयोजन होगा। आयोजकों ने बताया कि दोनों दिन समाज के सभी बंधुओं के लिए भोजन व्यवस्था रहेगी। साथ ही 26 अप्रैल को हरदा एवं टिमरनी से भादूगांव तक आने-जाने के लिए वाहनों की विशेष व्यवस्था भी की गई है। इस धार्मिक आयोजन में सकल जैन समाज भादूगांव द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

---

# कुक्कुट पालन योजना के तहत 2000 देशी चूजों का वितरण



**जागरण, टिमरनी।** ग्रामीण क्षेत्रों में आय वृद्धि और पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना के अंतर्गत मंगलवार को चूजा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों डॉ  नागेंद्र पाटिल बीएएस, राजेश बिजोने, महेश कौशल, आरएन गौर, इंदल सिंह धुर्वे, दीपक पटेल एवं कमलेश कुमार सलामे की उपस्थिति में 50 हितग्राहियों को कुल 2000 उन्नत देशी चूजों का वितरण किया गया। इस योजना के तहत प्रत्येक हितग्राही को 40 देशी चूजों की एक इकाई प्रदान की जाती है, जिसकी कुल लागत 2225 रुपये निर्धारित है। इसमें सरकार द्वारा 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है, जबकि लाभार्थी को मात्र 556 रुपये अंशदान के रूप में देना होता है। पशुपालन विभाग के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करना तथा अंडा एवं मांस के माध्यम से पोषण स्तर में सुधार लाना है। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों ने योजना के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए इसे ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया।

---

# जिला जेल में 25 अप्रैल को सजेगी न्याय, स्वास्थ्य की चौपाल, कैदियों के बनेंगे डिजिटल हेल्थ कार्ड

### भविष्य में कैदियों की स्वास्थ्य स्थिति पर निरंतर निगरानी रखने में मिलेगी मदद

**जागरण, हरदा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 25 अप्रैल को जिला जेल हरदा में एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण पहल प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में संपन्न होगी।

### स्वास्थ्य सुधार की ओर कदम

इस शिविर का प्राथमिक उद्देश्य जेल में निरुद्ध कैदियों के स्वास्थ्य की गहन जांच करना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। जेल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञों द्वारा कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

### हेल्थ कार्ड से होगी निगरानी

शिविर की सबसे बड़ी विशेषता प्रत्येक कैदी को प्रदान किया जाने वाला हेल्थ कार्ड है। इस कार्ड में कैदी से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज की जाएंगी। जिसमें बीमारी का विवरण पुरानी और वर्तमान बीमारियों का रिकॉर्ड होगा।वहीं उपचार योजना के अंतर्गत दी जा रही दवाओं और उपचार की जानकारी होगी। साथ ही खान-पान से जुड़ी सलाह और आवश्यक परहेज हेतु सावधानी रखने के निर्देश होंगे। इससे भविष्य में कैदियों की स्वास्थ्य स्थिति पर निरंतर निगरानी रखने में मदद मिलेगी।



### कानूनी अधिकारों के प्रति किया जाएगा जागरूक

स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ जेल में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इसके अंतर्गत योजनाओं की जानकारी कैदियों को नालसा और सालसा द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया जाएगा।  कैदियों को उनके लंबित कानूनी मामलों की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी जाएगी। निःशुल्क सहायता हेतु ऐसे बंदी जो वकील करने में असमर्थ हैं, उन्हें मौके पर ही विधिक सहायता और कानूनी परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जेल में बंद कैदियों को न केवल बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, बल्कि वे अपने संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक हों।

---

# कृषि विज्ञान केंद्र की मूंग फसल उत्पादक किसानों को सलाह



**जागरण, हरदा।** कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने मंगलवार को ग्राम बालागांव में किसान के प्रक्षेत्र पर भ्रमण किया। इस दौरान किसान राकेश गौर ने मूंग की फसल सुखने की समस्या से अवगत कराया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केन्द्र प्रमुख डॉ संध्या मुरे व डॉ ओमप्रकाश भारती ने खेत का नैदानिक भ्रमण किया और पाया कि जहां जल भराव की स्थिति है वहां कुछ पौधे सुख रहे हैं जो कि जड सडन फफूंद रायजोटोनिया प्रजाति द्वारा होता है। उन्होने जड सडन के प्रबंध हेतु सलाह दी कि ट्राईकोडरमा प्रजाती अथवा स्पूडोमोनास प्रजाती को 2.3 लीटर 1 क्विंटल गोबर के खाद में मिलाकार 1 एकड हेतु बोनी के 15 दिन पहले नमी की उपस्थिति में छायादार स्थान पर मिलाकर रखें और नमी बनाय रखें, इस मिश्रण को बोनी के पहले जुताई के साथ खेत में मिला दें तथा फफूंदनाशी द्वारा बीज उपचार करें। संक्रमण को आगे फेलने से रोकने के लिए टेबुकोनाजोल  सल्फर को 400 ग्राम प्रति एकड की दर से छेडकाव करें। डॉ मुरे ने जिले के अन्य किसानों को यह भी सलाह दी कि मूंग फसल में फूल आने से पहले अगर छोटी इल्ली और मच्छर दिखाई देते हैं तो उसके लिए बायफेन्थ्रीन 10 ईसी 200 एमएल प्रति एकड छिडकाव करें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केंद्र हरदा में संपर्क किया जा सकता है।

---

# स्वगणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें इससे जिले की जनगणना तेजी से पूर्ण होगी

### जनगणना 2027 के तहत स्वगणना की प्रक्रिया प्रारंभ

**जागरण, हरदा।** मध्यप्रदेश में जनगणना 2027 के तहत 16 अप्रैल 2026 से स्व गणना का कार्य प्रारंभ हो गया है, जो 30 अप्रैल 2026 तक की अवधि में संपादित किया जाएगा। नागरिकों को स्व गणना की सुविधा के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल  के माध्यम से पहली बार यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रगणकों द्वारा एक मई से 30 मई 2026 की अवधि में सम्पादित किया जाएगा, जिसके जिले में सफल संचालन के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी  सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्व गणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें, इससे जिले की जनगणना का कार्य तेजी से पूर्ण हो सकेगा। स्वगणना की प्रक्रिया बहुत सरल है। इसे आसानी से पूर्ण किया जा सकता है।

### स्वगणना प्रक्रिया

जनगणना 2027 में डिजिटल प्रथम दृष्टिकोण अपनाया गया है। इसके तहत भौतिक मकान सूचीकरण अभियान शुरू होने से पहले 15 दिनों की वैकल्पिक ऑनलाइन स्व गणना की सुविधा दी गई है। नागरिक 16 से 30 अप्रैल के बीच आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इससे उन्हें एक विशिष्ट आईडी प्राप्त होगी, जो आगे की प्रक्रिया में सहायक होगी। नागरिक स्व गणना के लिए आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने राज्य का चयन करें और कैप्चा कोड दर्ज कर लॉगिन करें। परिवार के मुखिया का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर और ई मेल आई डी दर्ज करें। इस समय यह ध्यान रखें कि परिवार के मुखिया का नाम बाद में बदला नहीं जा सकेगा। प्रत्येक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जा सकता है। इस प्रक्रिया के बाद अपनी पसंदीदा भाषा का चयन करें तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें। अपने जिले का चयन करें और पिनकोड के साथ अपने गांव, नगर, स्थानीय क्षेत्र की जानकारी भरें। इसके बाद मानचित्र पर लाल मार्कर को खींचकर  अपने आवासीय भवन के सटीक स्थान पर स्थापित करें।

---

# वेयरहाउस किराया भुगतान न होने की शिकायत की

### अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश दिये

**जागरण, हरदा।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा, हरदा एसडीएम अशोक डहेरिया, एसडीएम खिरकिया सुश्री शिवांगी बघेल, टिमरनी एसडीएम संजीव नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में सोनल एग्रो वेयरहाउस मसनगांव के संचालक ने वेयरहाउस का किराया भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को मामले की जांच कर किराया भुगतान कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में हर्षिता लक्ष्मीनारायण ने पोर्टल पर छात्रवृत्ति की राशि कम दिखाई देने के संबंध में शिकायत की, जिस पर सहायक संचालक पिछडा एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम भायली निवासी नंदकिशोर बृजलाल ने आवेदन देकर पीएम किसान निधि व सीएम किसान निधि की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार रहटगांव को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।



जनसुनवाई में आशाबाई घाटे ने नसबंदी ऑपरेशन फेल होने के बाद मुआवजा राशि प्राप्त न होने के संबंध में की, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। मेदाबाई अंकले निवासी अबगांव खुर्द ने खेत पर जाने के रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर तहसीलदार हरदा को मामले की जांच कर रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में सिराली निवासी अंजली मालवीय ने आवेदन देकर बीपीएल राशन कार्ड के लंबित आवेदन का निराकरण कराने की मांग की, जिस पर एसडीएम खिरकिया को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

# प्रदर्शन : 9 मांगों पर एकजुट हुए आउटसोर्स कर्मचारियों का आंदोलन

## आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए अलग कानून और निगम गठन की मांग






**बैतूल/ जागरण।** भारतीय मजदूर संघ मध्यप्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को आउटसोर्स कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में रैली निकालकर धरना प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रैली के दौरान देश के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम और आउटसोर्स कर्मचारी का शोषण बंद करो, ठेका प्रथा बंद करो जैसे नारे लगाकर प्रदर्शन किया।

जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड ने बताया कि प्रदेशभर में एक साथ आउटसोर्स कर्मचारियों के समर्थन में आंदोलन किया गया और सभी जिलों में रैली निकालकर ज्ञापन सौंपे गए। बैतूल में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री मधुकर साबले की उपस्थिति में धरना-प्रदर्शन संपन्न हुआ, जिसमें कर्मचारियों ने अपनी एकजुटता दिखाई। ज्ञापन में विभागीय परीक्षा के माध्यम से आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने, प्रदेश स्तर पर निगम या मंडल बनाकर स्थायित्व देने और नियमित भर्ती में 50 अंक बोनस देने की मांग रखी गई। जोखिम भत्ता सभी कर्मचारियों को देकर उसे 3000 रुपये तक बढ़ाने, अनुभव के आधार पर श्रेणीवार वेतन वृद्धि करने और कंप्यूटर ऑपरेटरों को उच्च कुशल श्रेणी का वेतन देने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।इसके अलावा दुर्घटना मृत्यु पर बीमा राशि 4.50 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने, राष्ट्रीय अवकाश और त्योहारों पर कार्य लेने पर अतिरिक्त भुगतान देने तथा कार्य के दौरान दुर्घटना या हमले की स्थिति में घायल कर्मचारी को तत्काल 10 हजार रुपये की सहायता देने की मांग शामिल रही। धरना प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के आउटसोर्स कर्मचारियों की बड़ी भागीदारी रही। इस दौरान मधुकर साबले, महेंद्र सिंह ठाकुर, राजेश मंसूरिया, हरिओम कुशवाह, अंशुल देशपांडे, नवीन बारस्कर, मीत कुमार साहू, कृष्णा सूर्यवंशी, शुभम खोबरे, बलराम उघड़े, सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष संपत दरवई, डॉक्टर गोविंद साहू, संजय ठाकुर, राहुल चदोकर, राकेश नामदेव, विनोद भारती, रामनाथ यादव, जगन भुजाडे, भूपेंद्र पंडाग्रे, रोहित वाघमारे, गजेंद्र सिंह ठाकुर, राजेश अलोन, नाजनीन फारुकी, गौरव जैन, नीलिमा देशमुख, रीमा बंजारे, शिवप्रिया खंडागरे, रुशांक देवांगन, नविन तावड़े, दिनेश बेले सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड ने किया ।

## न्यूज कार्नर

### ग्रामीणों ने की शिकायत जांच की रखी मांग

**मुलताई।** जनपद पंचायत भीमपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चुनालोहमा में सचिव की अनुपस्थिति को लेकर शिकायत सामने आई है। उपसरपंच अर्चना राठौर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीमपुर से शिकायत करते हुए बताया कि 21 अप्रैल को पंचायत सचिव नामदेव पाटणकर कार्यालयीन समय में मौजूद नहीं थे। शिकायत के अनुसार सचिव सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:55 बजे तक कार्यालय में अनुपस्थित रहे, जिससे पंचायत भवन पर ताला लगा मिला और ग्रामीणों के कई जरूरी कार्य प्रभावित हुए।

उपसरपंच ने बताया कि सचिव की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आय-निवास प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन लंबित रह गए। साथ ही पेंशन और आवास योजना की जानकारी लेने पहुंचे हितग्राहियों को बिना काम कराए लौटना पड़ा। पंचायत के आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी नहीं हो सके, जिससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित हुए।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि सचिव का यह व्यवहार नियमित है और वे अक्सर देर से आते हैं या अनुपस्थित रहते हैं। इसके कारण ग्रामीणों को बार-बार पंचायत कार्यालय आना पड़ता है, जिससे उनका समय और मजदूरी दोनों का नुकसान होता है।

### चलती बाइक में लगी आग, चार झुलसे

**अशोकनगर।** पिपरई तहसील क्षेत्र के ग्राम बेसरा में एक मोटरसाइकिल खेत में जल रही नरवाई से उठ रही लपटों की चपेट में आ गई। इससे बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए हैं उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नरेन्द्र वंशकार, उसका छोटा भाई मुकेश, मां हरिबाई और छोटी बहिन अनुष्का बाइक पर सवार होकर करीला में अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। घर से करीब दो किमी आगे चलने के बाद ग्राम बेसरा में सड़क किनारे स्थित एक खेत में लगी नरवाई की आग की चपेट में उनकी बाइक आ गई। गाड़ी चला रहे नरेन्द्र वंशकार को पहले लगा कि मामूली आग है और गाड़ी निकल जाएगी लेकिन जैसे ही उसने गाड़ी आगे बढ़ाई आग की लपटों ने बाइक को चारों ओर से घेर लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें आग से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया।

## शिवा पुलिस 11 बनी सनातन कप की विजेता

**मुलताई।** 10 अप्रैल से अनंत ऑटोमोबाइल्स के तत्वावधान मे चल रही जिला स्तरीय रात्रि कालीन ऑक्शन बेस क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला खेला गया। इस अवसर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी दिव्यांग भारतीय टीम के पूर्व कप्तान गुरदास राउत ने मैदान पर उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। पहला सेमी फाइनल मुकाबला केसी आमला और बैतूल मर्चेंट के बीच खेला गया। इस मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मां ताप्ती बजरंग अखाड़ा मुलताई के देवीराम पहलवान ,कपिल खंडेलवाल ,गोलू ओंकार ,रोहित माहोर आदि पहलवानों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया ,इस सेमीफाइल मुकाबले में बैतूल मर्चेंट ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया जो कि एक दम सही साबित हुआ। केसी आमला की टीम निर्धारित 8ओवर में मात्र 30रन ही बना पाई। आमला की ओर से कोई भी खिलाड़ी दहाई का अंक नहीं पार पाया. इस मैच में टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक दिनेश देवले द्वारा लगाई गई ,लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैतूल मर्चेंट की टीम ने आसानी से 3 ओवर में बहुत आसानी से लक्ष्य को प्राप्त किया शानदार गेंदबाजी के लिए दिनेश देवले को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। रात्रिकालीन टेनिस बॉल टूर्नामेंट का द्वितीय सेमीफाइनल मुकाबला एच एम एकता मुलतापी और बैतूल शिवा पीपी के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीत कर एचएम एकता मुलतापी की टीम ने निर्धारित 8ओवर में मात्र 60 रन बनाए टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार टीम का इतना आसान लक्ष्य शिवा पीपी ने मात्र 1विकेट खो कर 6ओवर में लक्ष्य को प्राप्त किय। शिवा पीपी की ओर से कौशिक मक्कल ने शानदार 42रन की पारी खेल कर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया और मैन ऑफ द मैच बने। टूर्नामेंट का फ़ाइनल मुकाबला शिवा पीपी और बैतूल मर्चेंट के बीच हुआ।इसमें शिवा पीपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8ओवर में 5विकेट के नुकसान पर 62रन का टारगेट दिया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैतूल मर्चेंट की टीम मात्र 40रन ही बना पाई और बड़ी आसानी से शिवा पीपी लिजेंट इस सनातन कप मुलतापी 2026, की विजेता बनी ,फाइनल मैच मे मेन आफ द मैच आर्यन चिमटे टीम के कप्तान रहे ।प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट भानु ठाकुर बने ,बेस्ट बॉलर रितेश कावड रहे ,बेस्ट बल्लेबाज भानु ठाकुर ,बेस्ट फिल्डर गोविंद गलफत , इमर्जिंग प्लेयर तुषार परिहार बने।टूर्नामेंट में प्रथम विजेता को 1लाख रुपए का नगद पुरस्कार उपेंद्र पाठक द्वारा दिया गया।

## गेहूं बारसा स्कूल में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

**मुलताई।** प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम गेहूं बारसा के हायर सेकेण्डरी स्कूल मे कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय में समारोह मे सम्मानित किया गया।बताया जाता है कक्षा 10 में 93.6% अंक लाने पर हिमानी राजू कावनपुरे एवं 92.6% अंकों के लिए निकिता युगल किशोर साहू, कक्षा 12 वीं जीव विज्ञान संकाय में 93.8% अंक प्राप्त करने हेतु रुचि भोजराव आज़ाद ,जीव विज्ञान संकाय में 86% अंक अर्जित करने राखी राजू कावनपुरे एवं कृषि संकाय में 75% अंकों के लिए दिव्या लक्ष्मण कावनपुरे का शाला प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा सम्मान किया गया।

## बेटे की शादी के दूसरे दिन देव पहुंचाने जा रहे पिता की सड़क दुर्घटना में मौत

**मुलताई।** नगर के गुरुसाहब निवासी एक पिता की बेटे की शादी के दूसरे दिन सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई। जिससे शादी की खुशी मौत के मातम मे बदल गई। बताया जाता गुरुसाहब वार्ड मुलताई निवासी संजू बरमासे अपने बड़े भाई राजू बारमासे के साथ बाइक से कटुम्ब के देव पहुंचाने बैतूल की ओर जा रहे थे, बाइक छोटा भाई संजू चला रहा था। नेशनल हाईवे बैतूल रोड पर ग्राम एनस के पास दोपहर करीब 1.15 बजे पहुंचे ही थे कि मुलताई से बैतूल की ओर जा रही गुप्ता ट्रेवल्स की बस के चालक ने एनस के पास सवारी उतारने के लिए बस के ब्रेक लगाकर बस बीच सड़क पर खड़ी कर दिया, अचानक बस रुकने से पीछे से आ रही बाइक सीधे बस के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संजू के चेहरे पर गंभीर चोटें आई।घटना के बाद बस चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। दुर्घटना की खबर मिलते ही मुलताई से समाजसेवी और कृष हॉस्पिटल के एम्बुलेंस संचालक दुर्गेश साहू तत्काल अपनी प्राइवेट एम्बुलेंस लेकर मौके पर पहुँचे। उन्होंने घायल संजू को उठाकर मुलताई अस्पताल पहुँचाया, लेकिन अस्पताल पहुँचने से पहले ही संजू बरमासे ने दम तोड़ दिया। संजू बरमासे की मौत की खबर मिलते ही लोग अस्पताल पहुंचे लोगों ने बस चालक के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए हाईवे पर लापरवाही से बस रोकने वाले गुप्ता बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

**जागरण नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खननए परिवहन तथा भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन में खनिज विभाग ने रविवार 19 अप्रैल 2026 को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज विभाग ने एक ट्रेक्टर ट्राली खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर प्रकरण तैयार कर वाहन को पुलिस चौकी सिंहपुर की अभिरक्षा में रखा गया।

### वैष्णवी ने किया प्रथम स्थान प्राप्त

**जागरण गाडरवारा ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में क्राइस्ट चर्च कॉन्वेंट स्कूल में अध्यनरत हनुमान वार्ड निवासी चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा की पुत्री क्राइस्ट चर्च कॉन्वेंट की छात्रा वैष्णवी विश्वकर्मा ने कक्षा 12वीं में 500 में से 433अंक प्राप्त कर 86.6: से विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर स्कूल एवंअपने परिवार का नाम रोशन किया है ।

### गिरफ्तार आरोपी से मंदिर में चोरी का शत-प्रतिशत मशरूका किया बरामद

## मंदिर में चोरी की घटना कारित करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों में किया गिरफ्तार



**जागरण गाड़रवारा।** मंदिर में चोरी की घटना कारित करने वाला आरोपी को डोंगरगांव पुलिस द्वारा चंद घंटों में गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। गिरफ्तार आरोपी से मंदिर में चोरी का शत.प्रतिशत मशरूका बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 19.04.2026 को प्रार्थी अनीस कौरव निवासी ग्राम डोंगरगांव द्वारा थाना डोंगरगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि विगत रात में किसी अज्ञात चोर के द्वारा ग्राम के खेड़ापति माता मंदिर में माता के सोने चांदी के जेवर तथा दान पत्र को तोड़कर उसे पैसे चुरा लिए है ।प्रार्थी की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना डोंगरगांव में धारा 331(4), 305(डी) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना डोंगरगांव क्षेत्र में मंदिर में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीना के निर्देशन मेंए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी गाडरवारा ललित डांगुर के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की शीघ्र पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। थाना डोंगरगांव की विशेष टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपी की पहचान की गई। तत्पश्चात सघन तलाशी अभियान चलाकर आरोपी को घटना के चंद घंटों के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी नीतू उर्फ छुट्टन उर्फ मंजू रजक पिता बिहारी रजक उम्र 22 साल निवासी ग्राम डोंगरगांव जिला नरसिंहपुर। के कब्जे से चोरी गए सोने चांदी के जेवरात कीमत लगभग 30000. करीब के नगद राशि 1900/. एवं घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड। उक्त आरोपी को विरूद्ध धारा 331(4),305(डी) बीएनएस् के तहत अपराध पंजीवद्ध किया गया है। थाना प्रभारी डोंगरगांव उनि प्रकाश पाठक उनि बबीता पहाड़े प्र आर प्रकाश द्विवेदी सउनि शिशुपाल चौधरी आरक्षक रंजीत राजपूत आरक्षक सोबरन ठाकुर आरक्षक सोनू सतारे की सराहनीय भूमिका रही है।

## नवाचार और सृजन उत्सव का आयोजन

**जागरण नरसिंहपुर।** एमआईएमटी कॉलेज और एमडिल इनोवेशन एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में 21 अप्रैल 2026 विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस के अवसर पर नवाचार एवं सृजन उत्सव 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमआईएमटी लॉ कॉलेज के डायरेक्टर रचित तिवारी प्राचार्य डॉ अशोक कुमार गर्ग एडमिल इनोवेशन एकेडमी के डायरेक्टर इंजी सुनील पटेल मोटिवेटर सलिल गुप्ता तथा नेतराम पटेल की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में रचित तिवारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए रचनात्मकता एवं नवाचार के क्षेत्र में भविष्य निर्माण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने तकनीक और कानून के समन्वय पर जोर देते हुए बताया कि वर्तमान दौर में केवल किताबी ज्ञान र्प्यास नहीं है बल्कि छात्रों को नवाचार और आधुनिक कौशल अपनाने की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम में क्रिएटिव केरियर स्किल्स इंटर्नशिप प्रोग्राम और फ्यूचर टेक ट्रेनर डेवलपमेंट प्रोग्राम को लांच किया गया जिसका उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ.साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में एमडिल इनोवेशन के सह संस्थापक सुनील पटेल द्वारा लिखित पुस्तक ष्व्हाय नॉट प्रेम्नरष् का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नेतराम पटेल द्वारा इनोवेशन एण्ड क्रियेटर लैब रील चैलेंज के विजेताओं को सम्मानित किया गया साथ ही एआईएम चैम्पियनशिप के माध्यम से छात्रों की रचनात्मकता को मंच प्रदान किया गया।

नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गुरुकुल ज्ञान मंदिर के संचालक को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त ट्रवल व्लागर मोटिवेटर सलिल गुप्ता ने 21 वीं सदी के कंटेन्ट क्रियेटर एवं केरियर कौशल पर विस्तार से व्याख्यान दिया उन्होने ट्रवल ब्लॉगिंग कंटेंट क्रिएशन और डिजिटल क्रिएशन जैसे क्षेत्रों में भविष्य की अपार संभावनाओं के बारे में छात्रों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य डॉ् गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एमडिल इनोवेशन एकेडमी और एमआईएमटी कॉलेज के साझा प्रयास को प्रदेश के प्रमुख इनोवेशन हब के रूप स्थापित करने की बात पर जोर दिया।

## गहोई महिला मंडल के पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण का समापन



**जागरण गाड़रवारा।** गहोई महिला मंडल द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का संचालन महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रवीना कठलए सचिव श्रीमती अमिता गेड़ा एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती माधवी कनकने की उपस्थिति में किया गया। शिविर के दौरान तहसील प्रभारी श्रीमती संजू शर्मा ने पूर्ण समर्पण के साथ प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन प्राणायाम एवं स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। समापन अवसर पर उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान किया गया। प्रतिदिन योग अभ्यास के बाद प्रतिभागियों को ऊर्जा प्रदान करने हेतु जूसए अंकुरित अनाज एवं ताजे फलों का वितरण किया गयाए जिसमें श्रीमती मीता कठल का विशेष सहयोग रहा। इस व्यवस्था का सभी प्रतिभागियों ने आनंद लिया। कार्यक्रम में महिला मंडल की पूर्व अध्यक्षों एवं सदस्योंकृश्रीमती सुनीता गुप्ता शोभा कठल सरिता गुप्ता मंजू सेठ राशि कठल अनीता कनकने सुधा मोदी सुनीता नगरिया ;सिहोरा अर्चना कठल राखी गेड़ा अंजलि कठल नैना कठल अनीता नीखरा नेहा कठल रत्ना सेठए प्रीति सोनी सारिका सोनी रश्मि नायक मंजू खंताल संध्या कठल वर्षा मोदी जानकी नीखरा तथा भूमिका गेड़ा सहित अनेक सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य और योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।

## भूसा बैंक गौ सेवा और नवाचार से बना प्रेरणादायक माडल



**जागरण नरसिंहपुर।** जहां समस्या होती है वहीं समाधान भी जन्म लेता है. इस कहावत को नरसिंहपुर जिले ने साकार कर दिखाया है। जिस ष्नरवाईष् ;फसल अवशेषद्ध को किसान पहले बेकार समझकर जला देते थेए वही आज जिले की गौशालाओं के लिए अमूल्य ष्गो. ग्रासष् बन चुकी है। प्रशासन की दूरदर्शिता, युवाओं के नवाचार और किसानों के सहयोग ने मिलकर 'भूसा बैंक' जैसी अनूठी पहल को जन्म दिया हैए जो अब एक सफल मॉडल के रूप में उभर रही है।

### 13 मार्च को बना मील का पत्थर

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ सुनील बृजपुरिया ने बताया कि इस परिवर्तन की नींव 13 मार्च 2026 को रखी गई जब बहोरीपार स्थित मुख्यमंत्री गौसेवा योजना गौशाला में 6 आधुनिक स्ट्रा.रीपर मशीनों को हरी झंडी दिखाई गई। यह पहल केवल मशीनों का संचालन नहींए बल्कि गौवंश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम था।

### युवा शक्ति और तकनीक का संगम

ई.कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से त्रिनेत्री सेवा समिति डांगीढाना के युवाओं ने लॉटरी के जरिए 6 स्ट्रा.रीपर मशीनें खरीदीं। आज ये मशीनें प्रतिदिन लगभग 60 ट्रॉली भूसा तैयार कर रही हैंए जिससे गौशालाओं में चारे की कमी पूरी हो रही है। उमरिया गौशाला में 125 ट्रॉली की क्षमता के मुकाबले 250 ट्रॉली भूसा संग्रहित और श्रीनगर गौशाला गोटेगांव में 2500 क्विंटल भूसा संग्रह किया गया है। बरमान की हरसिद्धि और केरपानी गौशालाओं ने भी अब किराए के बजाय अपनी मशीनें खरीदकर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है।

### आर्थिक रूप से भी मजबूत मॉडल

यह पहल सिर्फ सेवा ही नहीं बल्कि एक सफल आर्थिक मॉडल भी बन चुकी है। क्षमतारू 10 डिब्बे लगभग 80 क्विंटल प्रतिदिन लागत 1150 प्रति डिब्बा। बाजार मूल्य 2500 प्रति डिब्बा शुद्ध लाभरू1350 प्रति डिब्बा प्रतिदिन आयरू लगभग 13500। जिले में संचालित करीब 300 स्ट्रा.रीपर मशीनें न केवल पर्यावरण को बचा रही हैं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी प्रतिदिन लाखों रुपये का योगदान दे रही हैं।

### प्रशासन की संवेदनशील रणनीति

इस सफलता के पीछे प्रशासन की सख्ती और संवेदनशीलता दोनों का संतुलन है। एक ओर नरवाई जलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया गयाए वहीं दूसरी ओर किसानों को इसे गौशालाओं के लिए दान करने हेतु प्रेरित किया गया। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा मैपिंग और नोडल अधिकारियों द्वारा भंडारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

### उपलब्धियों की झलक

2025.26 में 61 गौशाला 9500 क्विंटल भूसा संग्रह जिले की गौशालाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की गई हैं।

### एक मिसाल पूरे प्रदेश के लिए

आज जिले के खेतों में धुआं नहींए बल्कि समाधान दिखाई देता है। मशीनें गौवंश के लिए सालभर का चारा तैयार कर रही हैं। भूसा बैंक् की यह पहल जीव.दया पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन का बेहतरीन उदाहरण बनकर पूरे मध्यप्रदेश के लिए प्रेरणा बन चुकी है।

# 'चक्काजाम' की चेतावनी के बाद झुका प्रशासन, जर्जर सड़क पर चली जेसीबी

**जागरण, इटारसी।** वार्ड क्रमांक 12 की बदहाल सड़क को लेकर पार्षद एवं सभापति मनजीत कलोसिया का आक्रामक रुख रंग लाया है। सीएमओ चैंबर के बाहर चेतावनी पत्र चस्पा करने और सात दिन के भीतर चक्काजाम के अल्टीमेटम के बाद, नगर पालिका प्रशासन तत्काल एक्शन मोड में आ गया है।

मंगलवार को पार्षद के कड़े विरोध के बाद नपा प्रशासन ने गरीबी लाइन अंडरब्रिज मार्ग पर जेसीबी और आवश्यक मशीनरी भेजी। वर्तमान में पूरे मार्ग पर पुराने और खराब हो चुके डामर की स्क्रेपिंग (उखाड़ने) का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है।

**जागरण खबर का असर**

### सिर्फ स्क्रेपिंग नहीं, 7 दिन में चाहिए सड़क का पूर्ण डामरीकरण

काम शुरू होने के बावजूद पार्षद कलोसिया ने स्पष्ट कर दिया है कि वे केवल खानापूर्ति से संतुष्ट नहीं होंगे। कार्यस्थल पर मौजूद रहकर निगरानी कर रहे पार्षद ने कहा, आज प्रशासन ने काम शुरू किया, इसके लिए धन्यवाद। लेकिन हम केवल स्क्रेपिंग से रुकने वाले नहीं हैं। हमें 7 दिन के भीतर सड़क पर डामरीकरण का कार्य पूर्ण चाहिए। यदि एक हफ्ते में सड़क अपने पुराने स्वरूप में वापस नहीं आई, तो हम अपने निर्णय पर कायम हैं और वार्ड की जनता के साथ उग्र जन-आंदोलन करेंगे।



### भ्रष्टाचार और गुणवत्ता पर रहेगी पैनी नजर

पार्षद ने दोहराया कि यह जनता के टैक्स के पैसे की सुरक्षा की लड़ाई है। करोड़ों की लागत से बनी सड़क का कुछ ही समय में छलनी हो जाना गंभीर लापरवाही का प्रतीक है। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका प्रशासन दी गई समय सीमा 7 दिन के भीतर डामरीकरण का कार्य पूर्ण कर पाता है या फिर शहर को एक बड़े आंदोलन का सामना करना पड़ेगा।

## न्यूज कार्नर

### आज पांच घंटे गुल रहेगी विद्युत सप्लाई

**जागरण, इटारसी।** न्यास उपकेंद्र से संचालित 11 केवी सूरजगंज फीडर लाइन पर मेंटेनेंस का कार्य किया जाना है, जिसके चलते 22 अप्रैल, बुधवार को क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेंटेनेंस कार्य के कारण सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक कुल 5 घंटों के लिए बिजली कटौती की जाएगी। इस दौरान सूरजगंज, देशबंधु पूरा, अजय बच्चन कॉलोनी, भरत मंदिर क्षेत्र, वर्धमान मॉल, सब्जी मंडी, माता मंदिर हॉस्पिटल, एलआईसी ऑफिस, गुजराती भवन, काली मंदिर और पुलिस लाइन सहित इनसे जुड़े अन्य आसपास के क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय पूरी तरह बंद रहेगा।

### ब्रेड चुराते सीसीटीवी में कैद हुआ युवक

**जागरण, इटारसी।** शहर के आरएमएस के सामने स्थित साईनाथ फूड्स पर चोरी की एक अजीब घटना सामने आई है। 20 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे एक युवक ने दुकानदार को अन्य सामान दिखाने में व्यस्त कर दिया और मौका पाकर दो बार ब्रेड के पैकेट चोरी कर लिए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकानदार ने पहचान करने वाले व्यक्ति को जानकारी देने की अपील की है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**जागरण, इटारसी।** रामपुर गुर्रा और सोनतलाई रेल खंड के बीच एक अज्ञात युवक लगभग 30 वर्ष का शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेलवे खंभा नंबर 760/12 और 760/14 ग्राम गजपुर के पास के बीच एक युवक का शव देखा गया। घटना की सूचना अगले दिन गुर्रा रेलवे कॉलोनी निवासी दीपक ठाकुर ने पुलिस को दी। प्रथम दृष्टया रेल दुर्घटना ट्रेन से कटने या गिरने के कारण मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। रामपुर गुर्रा पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज किया है। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कार ने स्कूटी को मारी टक्कर

**जागरण, इटारसी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तीखड़ में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सोमवार शाम ऑनलाइन दुकान के सामने मेन रोड पर एक अनियंत्रित कार ने स्कूटी सवार युवती को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अमाड़ा निवासी 21 वर्षीय रोशनी पिता बुद्धसिंह अहके अपनी स्कूटी से जा रही थीं, तभी तीखड़ मेन रोड पर स्थित ऑनलाइन दुकान के सामने पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 04 सीवी 9813 के अज्ञात चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। पथरौटा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### सट्टा खिलाते एक आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** थाना पुलिस ने अवैध जुआ और सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम करीब 5:55 बजे ग्राम पथरौटा में रंजीत ढाबा के बाजू में, बड़ी नहर के पास एक पेड़ के नीचे अवैध रूप से सट्टा खिलाया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर थाना पथरौटा के सउनि कल्लू सिंह धुर्वे ने टीम के साथ दबिश दी। मौके से आरोपी राजेश कुमार गुप्ता 46, निवासी पुरानी इटारसी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से सट्टा सामग्री और 630 रुपये नगद बरामद किए गए हैं।

### केसला थाने के सामने भीषण सड़क हादसा

**जागरण, इटारसी।** आज दोपहर केसला थाने के ठीक सामने एक तेज रफ्तार फोर व्हीलर वाहन क्रमांक एमपी 05, जेडजे 6547 ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आगे जा रही एक टू-व्हीलर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टू-व्हीलर पर सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवाओं में उमेश पिता जगराम 22 वर्ष, निवासी अमझिरा और वीरेन्द्र पिता मंगल सिंह 24 वर्ष है। कार चालक केसला से इटारसी की ओर जा रहा था। घटना के तुरंत बाद मौके पर लोगों और पुलिस कर्मियों की मदद से घायलों को संभाला गया।

# बदहाली की भेंट चढ़ा 'अटल पार्क' गर्मी में हरियाली गायब, मनचलों से त्रस्त पर्यटक

**जागरण, इटारसी।** शहर का हृदय स्थल और कभी अपनी सघन हरियाली के लिए पहचाना जाने वाला लोकप्रिय अटल पार्क इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही जहाँ लोगों को यहाँ शीतलता की उम्मीद थी, वहीं पानी की किल्लत और प्रशासनिक अनदेखी ने इसे बंजर मैदान में तब्दील कर दिया है।



### पार्क में सूख गई घास, उड़ रही धूल

अटल पार्क का मुख्य आकर्षण यहां की मखमली हरी घास थी, जहां बुजुर्ग और बच्चे सुकून के पल बिताते थे। लेकिन वर्तमान में जल स्तर गिरने से बोरवेल में पानी कम होने के कारण सिंचाई ठप है, जिससे घास पूरी तरह सूख चुकी है। बच्चे अब आधी सूखी घास और धूल के बीच खेलने को मजबूर हैं। बुजुर्गों का कहना है कि खेलने के दौरान उड़ने वाली धूल से सांस लेना भी दूभर हो जाता है। पानी की कमी के कारण पार्क के फाउंटेन शोपीस बनकर रह गए हैं।

### प्रशासन से सुरक्षा और सुधार की दरकार

पार्क में आने वाले सैलानियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। नागरिकों की मांग है कि नगर पालिका प्रशासन तत्काल वैकल्पिक सिंचाई व्यवस्था कर हरियाली को बचाए और खराब लाइटों को दुरुस्त करे। साथ ही, पुलिस प्रशासन से भी मांग की गई है कि शाम के समय पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि मनचलों में खौफ रहे और महिलाएं-बच्चे खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

### सुरक्षा के अभाव में मनचलों का खौफ

पार्क की व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

- **अंधेरे में पाथ-वे :** पार्क के कई हिस्सों में लाइटें बंद हैं। शाम ढलते ही पाथ-वे अंधेरे में डूब जाता है, जिससे दुर्घटना और असामाजिक गतिविधियों का डर बना रहता है।
- **मनचलों का जमावड़ा :** पूर्व की भांति अब यहां पुलिस की गश्त नहीं होती। इसका फायदा उठाकर कुछ शरारती तत्व और किशोरवय लड़के लड़कियों पर फब्तियां कसते हैं।
- **कम स्टाफ :** पूरे पार्क की व्यवस्था के नाम पर अक्सर केवल एक महिला कर्मचारी ही तैनात दिखाई देती है।

# चाकूबाजी के आरोपी का पुलिस ने निकाला जुलूस, पुरानी इटारसी से गिरफ्तार



**जागरण, इटारसी।** शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से इटारसी सिटी पुलिस ने आज चाकूबाजी की घटना के मुख्य आरोपी का सार्वजनिक जुलूस निकाला। पुलिस ने आदतन अपराधी चंदन पथरोट को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि पुरानी इटारसी निवासी चंदन पथरोट ने 10 दिन पूर्व अपने दो साथियों के साथ मिलकर तोशिफ नामक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने घेराबंदी कर आज उसे उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी चंदन के खिलाफ थाने में पूर्व से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मुख्य रूप से चाकूबाजी की घटनाएं शामिल हैं। इस घटना में कुल तीन आरोपी शामिल थे। इनमें से एक को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है, जबकि दूसरे आरोपी ने आज न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। चंदन की गिरफ्तारी के साथ ही इस केस के सभी आरोपी अब कानून की गिरफ्त में हैं। टीआई ने स्पष्ट किया कि शहर की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रतिदिन शाम होते ही पुलिस टीमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं और संदिग्धों की धरपकड़ जारी है।

**मानवता की मिसाल**

# सड़क हादसे में घायल युवकों के लिए देवदूत बने भाजपा नेता

### घायलों को अपनी कार से पहुंचाया अस्पताल

**जागरण, इटारसी।** मोथिया मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल दो युवकों के लिए पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता अभिषेक कनोजिया ने मददगार बनकर उनकी जान बचाई। दोनों घायल सड़क किनारे खेत में लहूलुहान और गंभीर अवस्था में तड़प रहे थे।

भाजपा नेता अभिषेक कनोजिया जब बम्हन गांव से वापस लौट रहे थे, तब उनकी नजर मोथिया के पास सड़क किनारे खेत में गिरे दो युवकों पर पड़ी। मोटरसाइकिल दुर्घटना का शिकार हुए ये युवक गंभीर रूप से घायल थे और अत्यधिक खून बह जाने के कारण तड़प रहे थे।

एम्बुलेंस का इंतजार करने के बजाय अभिषेक कनोजिया ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत अपनी निजी कार में बैठाया और सीधे इटारसी के सरकारी अस्पताल ले गए। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद डॉक्टरों ने घायलों का उपचार शुरू कर दिया है। समय पर अस्पताल पहुंचने से दोनों की स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है। अभिषेक कनोजिया की इस तत्परता और संवेदनशीलता की अस्पताल परिसर और क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है।

# हाईवे पर शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई 11 लाख के मशरूका के साथ दो गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** केसला थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एनएच-46 हाईवे पर घेराबंदी कर भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक कार भी जब्त की है।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 20 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने केसला जनपद पंचायत के सामने हाईवे की पुलिया पर दबिश दी। पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक मदन पवार ने किया। पुलिस ने मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जो कार के जरिए शराब का अवैध परिवहन कर रहे थे इनमें प्रमोद 48 वर्ष, पिता भंवरसिंह राजपूत, निवासी पथरौटा, हेमराज 21 वर्ष, पिता कन्छेदीलाल चौधरी, निवासी पथरौटा हैं।

### जब्त सामग्री का विवरण

**देशी प्लेन मदिरा :** 12 पेटी (108 लीटर)

**अंग्रेजी शराब :** 4 पेटी (34.560 लीटर)

**कुल शराब :** 142.560 लीटर (कीमत करीब 90,000 रुपये)

**वाहन :** लाल रंग की स्कॉर्पियो कार (एमपी 04 केजी 3484), कीमत करीब 10 लाख रुपये।

पुलिस ने कुल 10,90,000 रुपये (दस लाख नब्बे हजार) का मशरूका जब्त किया है।

### गोडाउन से नाली की जाली ले उड़ा चोर

**जागरण, इटारसी।** सिंधी कॉलोनी गली नंबर 5 में मंगलवार को दिनदहाड़े चोरी की वारदात हुई। दोपहर लगभग 1:30 बजे एक अज्ञात चोर ने गोपी प्लाईवुड के गोडाउन के बाहर लगी नाली की जाली चोरी कर ली। चोरी की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। संचालक ने क्षेत्रवासियों से सावधान रहने की अपील की है। यदि कोई इस व्यक्ति को पहचानता है, तो वह मोबाइल नंबर 7000805740 पर सूचित कर सकता है। जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

### यादव समाज की बैठक 26 को

**जागरण, इटारसी।** श्रीकृष्ण यादव समाज कल्याण समिति इटारसी द्वारा सर्व यादव समाज की महिला-पुरुष,युवा की संयुक्त बैठक आगामी 26 अप्रैल रविवार को दोपहर पश्चात 4 बजे से श्रीयादव भवन इटारसी पर आयोजित की जाएगी।

इस संबंध में समिति अध्यक्ष आरके यादव ने बताया कि बैठक में कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। जिसमें मासिक आय-व्यय पर चर्चा, श्रीयादव भवन में नवनिर्माण व सुधार कार्यों पर चर्चा के साथ ही उपस्थित यदुजन द्वारा प्रस्तुत अन्य प्रस्तावों पर भी चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष आरके यादव ने समस्त यदुजनों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

# शिव धाम मंदिर में बच्चों की सफलता की गूंज

**जागरण, इटारसी।** शहर के पत्रकार नगर एवं शिक्षक नगर स्थित भगवान भोलेनाथ मंदिर (शिव धाम) परिसर केवल आध्यात्मिक केंद्र ही नहीं, बल्कि अब संस्कार और प्रोत्साहन की पाठशाला भी बन गया है। शिव धाम समिति द्वारा यहां आयोजित एक विशेष गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।



समिति के इस सम्मान समारोह में सफल छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल पहनाकर और स्मृति चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। बच्चों के चेहरों पर झलकता आत्मविश्वास और खुशी इस पहल की सफलता को बयां कर रही थी। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य संजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। आप सभी भविष्य के कर्णधार हैं। आज का यह सम्मान आपकी मेहनत का फल है और हमें विश्वास है कि आप आगे भी इसी तरह अच्छे अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर नगर और अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों और मातृशक्ति की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। इस दौरान पत्रकार संजय शर्मा, विजय तिवारी, किशोर सीरिया और राजू अग्रवाल सहित श्रीमती अर्पिता राजपूत, वर्षा सीरिया, ज्योति शर्मा, अर्पिता शर्मा, नेहा गौर, प्रज्ञा सेठ, श्रीमती बाथरी, श्रीमती पटेल, ललित तिवारी, गुड़िया अग्रवाल, सुलोचना शर्मा, तिरु चौरसिया, श्रीमती दरबार सेठ, मधु अग्रवाल, कुमुद एवं लीना शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# रात 11 बजे के बाद नहीं खुलेंगी अब दुकानें पुलिस की सख्ती से अमन की उम्मीद बढ़ी

**जागरण, इटारसी।** शहर की शांति व्यवस्था को भंग करने वाले तत्वों पर अंकुश लगाने और आम नागरिक को सुरक्षित वातावरण देने इटारसी पुलिस ने अब एक्शन मोड अपना लिया है। थाना प्रभारी गौरव बुंदेला के नेतृत्व में पुलिस बल ने सड़कों पर उतरकर मोर्चा संभाल लिया है, जिसका स्पष्ट संदेश है, अपराध पर जीरो टॉलरेंस। पुलिस ने इस अभियान में न केवल छोटे दुकानदारों बल्कि देर रात तक संचालित होने वाले बड़े शोरूम और शॉपिंग मॉल्स को भी सख्त हिदायत दी है। रात्रि 11 बजते ही पुलिस अमला सक्रिय होकर सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद करा रहा है। पुलिस का मानना है कि देर रात तक व्यावसायिक गतिविधियों की आड़ में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ता है। थाना प्रभारी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों की घटनाओं को देखते हुए युद्ध स्तर की तैयारी की गई है। शहर के मुख्य चौराहों व मॉल परिसर में बेवजह घूमने वाले युवकों से पूछताछ की जा रही है और उनकी तलाशी ली जा रही है।

# सिविल अस्पताल के बाहर पार्किंग का संकट

**जागरण, इटारसी।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरकारी अस्पताल के सामने सड़क पर बेतरतीब वाहन पार्किंग से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। मरीजों के परिजनों द्वारा सड़क पर ही दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े करने से न केवल पंजाबी मोहल्ला के निवासी परेशान हैं, बल्कि एम्बुलेंस को इमरजेंसी वार्ड तक पहुंचने में भी घंटों मशक्कत करनी पड़ रही है।अस्पताल अधीक्षका डॉ. कमलेश कुमर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि हमने कई बार सड़क से गाड़ियां हटवाईं, लेकिन लोग फिर वही गलती दोहराते हैं। अब हम एसडीएम और एसपी को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई और अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी को पुनः चालू करने की मांग करेंगे ताकि सुरक्षा और यातायात दोनों दुरुस्त रहें।

### मुख्य समस्याएं

**पार्किंग शुल्क बचाने की होड़ :** अस्पताल परिसर स्थित साइकिल स्टैंड संचालक अर्जुन सिंह सिरमौर ने बताया कि लोग कुछ रुपये बचाने के चक्कर में सड़क पर वाहन पार्क कर रहे हैं, जिससे रोज़ाना जाम लग रहा है।

**मरीजों की जान को खतरा :** स्थानीय निवासियों के अनुसार, जाम के कारण एम्बुलेंस समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाती, जो आपातकालीन स्थिति में घातक हो सकता है।

### आज निकलेगी शोभायात्रा

**जागरण, इटारसी।** आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती के अवसर पर बुधवार, 22 अप्रैल को शहर में 10 नाम गोस्वामी समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वार्ड नंबर 1 के पार्षद दिलीप गोस्वामी ने बताया कि शोभायात्रा सुबह 9:00 बजे पुरानी इटारसी स्थित द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ होगी। समाज के पदाधिकारियों ने सभी सामाजिक बंधुओं से सुबह 8 बजे मंदिर परिसर में एकत्र होने की अपील की है। आयोजन सनातन संस्कृति और भक्ति के प्रसार के उद्देश्य से किया जा रहा है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह से पूर्व मेरा नाम पूजा बस्तानी D/o अशोक बस्तानी निवासी (दतिया) मप्र था। विवाह के बाद घर का नाम कीर्ति बजाज पति सुरेश बजाज (इटारसी) मप्र. हो गया है। आधार कार्ड में मेरा नाम पूजा बजाज W/o सुरेश बजाज है। मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, बोला व पढ़ा जावे।

**भवदीय**- पूजा बजाज W/o सुरेश बजाज
वार्ड नं. 15, पुराने जनता स्कूल के सामने, मालवीयगंज इटारसी

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम SUDHIR GOTHI S/o SAMIRMAL GOTHI अंकित है। जबकि मेरा सही नाम SUDHIR KUMAR SAMIRMAL GOTHI S/o SAMIRMAL GOTHI है। जो आधार कार्ड एवं पेनकार्ड में भी अंकित है। अतः मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, बोला व पढ़ा जावे।

**भवदीय**- SUDHIR KUMAR SAMIRMAL GOTHI S/o SAMIRMAL GOTHI
WARD-31 SARAFA BAZAR, GOTHI JEWELLERS AZAD NAGAR
ITARSI - 461111

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विमला देवी माता प्रकाश कुमार राज निवासी- ग्राम + पोस्ट आफिस-कोरबी, तहसील-पोडी उपरोडा, जिला-कोरबा, राज्य - छत्तीसगढ़, पिन कोड-495445। मेरे पुत्र प्रकाश कुमार राज का सर्विस नं. 15232263 H रैंक GNR [TA] यूनिट 320 MED REGT है। जिसके सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम बिमला देवी राज दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम विमला देवी है। अतः मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, बोला व पढ़ा जावे।

**State Bank of India** Main Branch Itarsi (MP)Ph.: 07572-236157

**NOTICE FOR SALE OF IMMOVABLE PROPERTIES**

**DATE OF E-Auction : 02.06.2026, TIME: FROM 11.00 TO 4.00 PM**

Notice is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower(s) and Guarantor(s) that the below described Immovable property(ies)/ mortgageded/ charged to State Bank of India as secured creditor, the constructive / physical possession (as detailed below) of which has been taken by the Authorised Officer of State Bank of India, the secured creditor will be sold on "As is where is", "As is what is" and "Whatever there is" on **02/06/2026** for recovery of below mentioned debts due to the secured credit from respective borrowers and guarantors and the reserve price and earnest money deposit of respective properties are as shown below in respective column.

| Name of Borrower(s)/ Name of Guarantor(s) | Outstanding Property/ies is/are Being Sold | Description of Mortgaged Property | Reserve Price(Rs.) / Earnest Money Deposit / Bid Increase Amount |
|---|---|---|---|
| **1.Shri Shailendra Kumar Agrawal S/o Shri Ghanshyam Das Agrawal 2.Smt. Babita Agrawal W/o Shri Shailendra Kumar Agrawal 3.Mrs. Shubhangi Agrawal D/o Shri Shailendra Kumar Agrawal** 1. House No 39/25 Sheet No. 25 Mouza Mehragoan Ward No 20 R. M. S. Colony,Near Janta School Malviyaganj, Itarsi, Dist-Narmadapuram (M.P.)-461111 2. C/o Bhagwan Thekedar, Mama Farsi Colony Ward No. 07, Nasrullaganj, Tehsil Nasrullaganj Dist-Sehore (M. P.) 466331 | as on date 15.07.2025 **Rs. 50,28,710.00** + Interest + Other Charges | House No 39/25 Sheet No 25 Mouza Mehragoan Ward No. 20 R. M. S. Colony Near Janta School Malviyaganj Itarsi Dist-Narmadapuram (M.P.)-461111. Plot Area 1125 Sq. Feet in the name of Shri Shailendra Kumar Agrawal S/o Ghanshyam Agrawal and Smt. Babita Agrawal W/o Shailendra kumar Agrawal, Bounded by: East:. House of Sunita Tiwari,West: House of Sanjay Nagaria, North: Nikas Nali, South: Road | **Rs. 48,68,000/-** / **Rs. 4,86,800/-** / **Rs. 25,000/-** |

The interested bidders/buyers are required to visit the Bank eligible portal **www.baanknet.com** before auction. You have to transfer the EMD amount to your Global EMD Wallet using online mode by registering in the respective e-auction web portal **www.baanknet.com**. If the EMD amount is not available in the Global EMD Wallet, the system will not allow the bidding. Registration, KYC documents verification and EMD deposit in Wallet should be done in advance before auction. There is no other encumbrance on the properties and as per the information of the authorized officer, however, before submitting their tender, the interested tenderers should obtain information from the concerned office/department regarding any encumbrances related to the properties. The decision regarding the property will be taken at the discretion of the bank. The e-auction will be online and on 'As is' 'where is basis'. E-Auction Process will be conducted **Web Portal: www.baanknet.com** Online auction sale tender document, online e-auction tender form, declaration form, terms and conditions are available on the website. For details of terms and conditions of sale, Kindly visit Common Government portal i.e. **www.baanknet.com**
**Property Inspection Dated 26/05/2026** Time 11.00 am to 4.00 pm (as per appointment taken). 1. Please ensure registration 06 days before and deposit of EMD amount in wallet 2 days prior to auction date. 2. **Registration issues 8871913009, E-mail: support.baanknet@psballiance.com**

**This publication is also a 30 days notice to the borrower/guarantors/mortgagors under the Loan agreement.**
**Note: The final terms/conditions and decision regarding the auction is reserved with State Bank of India.**

**Date: 21.04.2026** **AUTHORIZED OFFICER**